www.aiche.org/ccps

Process Safety Beacon

http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx

Messages for Manufacturing Personnel

This issue sponsored by ioMosaic

www.iomosaic.com

घर पर खतरनाक रसायन अभिक्रियाये !

जून 2016

क्या आप को मालूम है कि कुछ घरेलू क्लीनर (साफ करने वाले रसायन) घातक भी हो सकते है? बहुत से साफ करने वाले उत्पादों में तरल अमोनिया भी विद्यमान रहती है।घरो में प्रयोग होने वाला अन्य रसायन है – ब्लीच (विरंजक) – सोडियम हाइपोक्लोराइट का पानी में घोल। हम धोने वाले कपड़ो में ब्लीच का प्रयोग करते है और घरो में उसे सामान्य साफ करने वाली वस्तु के रूप में और कीटाणुनाशक के रूप में भी प्रयोग में लाते है। यदि आप दो रसायनो का मिश्रण बना देते है , एक रासायनिक अभिक्रिया घटित होती है – जिसके फल स्वरूप क्लोरा अमाइन जैसे विषैले पदार्थ और गैस पैदा होती है। इन गैसों को श्वास में लेना घातक भी हो सकता है। इन रसायनो के मिश्रण से और अन्य प्रकार के घरेलू रसायनो से बहुत ही गंभीर घटनाओ और अपघात होने वाली घटनाओ के बारे में आप को इंटरनेट पर और अधिक जानकारी मिल सकती है।

अगले महीने के *बिकान* अंक में हम ऐसे साधन के बारे में बात करेंगे जिसको हम रसायन पारस्परिक क्रिया मट्रिक्स (chemical interaction matrix) के नाम से जानते है । बहुत सी संस्थाएँ असंगत रसायनो के मिश्रण से होने वाले संभावित खतरो के बारे में इस साधन का प्रयोग करती है।

आप क्या कर सकते है ?

- **इस बिकोन के अंक को आप अपने परिवार के सदस्यो और मित्रो के साथ विचार विमर्श करे।**
- **आप अपने प्रोसैस सुरक्षा का ज्ञान घर पर जरूर लेकर जाएँ। चूंकि आप खतरनाक सामग्री और प्रक्रियाओं के साथ कार्य करते है , आप के पास एक विशेष प्रकार का अनुभव और प्रशिक्षण उपलब्ध है और यह अनुभव आपके कार्य स्थल से दूर होने के बावजूद भी बहुत मूल्यवान है। आप अपने मित्रो और अपने परिवारजनो को इस बात का स्मरण जरूर करवाए ताकि वो सुरक्षा उपायो का अनुसरण करे जैसे कि आप अपने कार्य स्थल पर खतरनाक सामग्री का प्रयोग करते समय सुरक्षा उपायो का ध्यान रखते है। आप किसी का जीवन बचा सकते है ! उदाहरण के लिए :-**
  - **घरेलू उत्पादो और वस्तुओ पर चेतावनी संकेत और चिन्ह अवश्य देखे, और प्रयोग और भंडारण के लिए अनुमोदित सुझावो का पालन करे।**
  - **उत्पाद के ऊपर वर्णित संकेत चिन्ह के अनुसार ही हमेशा सुरक्षा उपकरण पहने।**
  - **जब आप घर पर खतरनाक सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं, सदैव सुनिश्चित करे कि आप के कार्य स्थल पर खतरनाक वाष्पो के निर्गमन के लिए अच्छे और प्रयाप्त साधन उपलब्ध है।**
  - **घरेलू वस्तुओ और उत्पादो को न मिलाये जब तक कि आप को संभावित पारस्परिक क्रिया और उनके परिणामो के बारे में सम्पूर्ण जानकारी नहीं प्राप्त हो जाती।**

•अपने मित्रो और परिवारजनो के साथ एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करे। जब आप घर पर खतरनाक सामग्री का प्रयोग कर रहे है तो आप उसी सम्मान के साथ इस्तेमाल करे जैसे कि आप अपने कार्य स्थल पर सम्मान के साथ उन्हें प्रयोग करते है। यदि आप अन्य लोगो को सुरक्षा के उचित सावधानियों के बिना खतरनाक सामग्री का प्रयोग करते देखते हैं , तो उनकी सामग्री को सुरक्षा से प्रयोग करने के लिए उनकी सहायता करे।

आप सुरक्षा का ज्ञान अपने घर पर ले कर जाए और परिवारजनो के साथ विचार विमर्श करे !

©AIChE 2016.**सभी अधिकार सुरक्षित शैक्षणिक और गैर लाभ उद्देश्यों के लिए पुनःप्रकाशन को प्रोत्साहन दिया जाता है । तथापि बिना AIChE की अनुमति के बिना अन्य उद्देश्यों के लिए इसका पुनःप्रकाशन वर्जित है। आप हमें** ccps_beacon@aiche.org **या** 646-495-1371. **पर संपर्क करे ।**

यह बीकॉन अरेबिक,अफ्रीकन, चीनी,डेनिश,डच,अँग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन,ग्रीक,गुजराती,हिब्रू,,हिंदी,इटालियन,जापानी,कोरियन,मालाय,मराठी,नार्वेजियन,परशियन,पालिश,रूमानियन,रशियन,स्पेनिश, स्वीडिश,तेलगू, तुर्किश,थाई और वीयतनामी भाषाओं में उपलब्ध है। Translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta, Bharat Petroleum Corporation Limited, Mumbai Refinery, Mumbai - 400 074